# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1037 / कार्य-2 / 53 दिनांक 18/07/2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषय:– यू0पी0 तक अमेठी न्यूज (14.07.2025) में प्रकाशित "पानी पहुंचने से पहले ही लूट गई योजना, जल जीवन मिशन की टंकी से लाखों के उपकरण चोरी, दो माह बाद भी खाली हाथ पुलिस, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक यू0पी0 तक अमेठी न्यूज के दिनांक 14.07.2025 को **प्रकाशित** "पानी पहुंचने से पहले ही लूट गई योजना, जल जीवन मिशन की टंकी से लाखों के उपकरण चोरी, दो माह बाद भी खाली हाथ पुलिस " के सम्बन्ध में संलग्न समाचार पत्र के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि उक्त शिकायत विकास खण्ड–भादर में त्रिलोकपुर–वासूदेवपुर ग्रामीण पेयजल योजना से सम्बन्धित है। जिसका समस्त कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स– गाजा इंजीनियरिंग नोएडा द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त ग्रामीण पेयजल योजना में प्रस्तावित 01 नग नलकूप व 01 नग पम्पहाउस निर्माण के सापेक्ष कार्य पूर्ण है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 14.18 किमी0 के सापेक्ष 14.18 किमी0 वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है, प्रस्तावित गृह संयोजन 742 नग के सापेक्ष 653 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है एवं प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय क्षमता 225किली/18मी0 स्टेजिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं उक्त योजना में नियमित रुप से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। परन्तु अराजक तत्वों द्वारा सोलर पैनल, जनरेटर आदि की चोरी कर ली गयी थी। जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। जिसकी सूचना/एफ0आई0आर0 सम्बन्धित थाना में दर्ज किया गया है एवं जिलाधिकारी महोदय अमेठी के पत्रांक 397/कार्य–7(जे0जे0एम0)/76 दिनांक 09.04.2026 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक महोदय को दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया था।

उपरोक्त योजना पर पुनः सोलर पैनल, जनरेटर सेट आदि का कार्य पूर्ण कराकर यथाशीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारु रुप से चालू कर दी जायेगी।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपि:**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प–सुलतानपुर)।
3. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
5. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स– गाजा इंजीनियरिंग नोयडा (कैम्प–अमेठी)।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner